# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक—जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 9890 / 2026 दिनांकः 14 मई, 2026

सेवा में,

01 — निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02 — प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषय : जनगणना 2027 के अन्तर्गत स्व—गणना (Self-Enumeration) में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के **पत्र संख्या— DCO-UP-Census 25- 2025, दिनांकः 06 अप्रैल, 2026** का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनगणना 2027 के प्रथम चरण अर्थात मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का फील्ड कार्य उत्तर प्रदेश में दिनांक 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक प्रस्तावित है। इसके पूर्व परिसर के समस्त सदस्यों का जनगणना सम्बन्धित सूचनाएं स्वयं ऑनलाइन दर्ज करने हेतु **स्व—गणना (Self-Enumeration)** करने की तिथि 07 मई 2026 से 21 मई 2026 निर्धारित है। उक्त पत्र में **स्व—गणना (Self-Enumeration)** को कार्यान्वित करने हेतु दिशा—निर्देश प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया कि उत्तर प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र / छात्राओं को **स्व—गणना (Self-Enumeration)** में **सक्रिय सहभागिता** हेतु प्रेरित किया जाए। उक्त निर्देशों के आलोक में सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को संसूचित किया जाता है स्व—गणना हेतु आधिकारिक पोर्टलः https://se.census.gov.in पर दिनांकः 21 मई 2026 (**स्व—गणना** की अन्तिम तिथि) तक प्रत्येक अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र / छात्राओं का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त उक्त पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि स्व—गणना से सम्बन्धित गतिविधियों के चित्र अपने अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करें तथा उन्हें **#censusup #census2027 #seup** हैशटैग के साथ पोस्ट करें, जिससे व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित हो सके।

संलग्नकः यथोक्त।

**(डॉ0 छबिलाल)**
**नोडल अधिकारी**

**(एस0 एल0 पाल)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

01. माननीय कुलपति जी।
02. अधिष्ठाता छात्र कल्याण संकाय, विश्वविद्यालय परिसर।
03. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
04. सम्बन्धित पत्रावली।

**कुलसचिव**

पताः—शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला—बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः—277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner

जनगणना-2027
शीर्ष प्राथमिकता

सत्यमेव जयते

भारत सरकार, गृह मंत्रालय
Government of India, Ministry of Home Affairs
जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश
Directorate of Census Operations, Uttar Pradesh

पत्रांक : DCO-UP-Census 25-2025 दिनांक : 06.05.2026

सेवा में,

कुलपति

जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय

बलिया

**विषय: जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना (Self-Enumeration) हेतु अपील।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण, अर्थात मकानसूचीकरण एवं मकानगणना (HLO), का फील्ड कार्य उत्तर प्रदेश में दिनांक **22 मई 2026 से 20 जून 2026** तक प्रस्तावित है। इसके पूर्व नागरिकों को अपनी जनगणना संबंधी सूचनाएं स्वयं ऑनलाइन दर्ज करने हेतु स्व-गणना (Self-Enumeration) की सुविधा **07 मई 2026 से 21 मई 2026** तक उपलब्ध कराई गई है। स्व-गणना उपरांत प्राप्त SE Id को फील्ड कार्य अवधि के दौरान आपके घर आने वाले जनगणना प्रगणक से साझा किया जाना होगा।

स्व-गणना हेतु आधिकारिक पोर्टल: **https://se.census.gov.in**

स्व-गणना, जनगणना प्रक्रिया को अधिक दक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस संबंध में आपसे विनम्र अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालय/संस्थान के समस्त अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को स्व-गणना में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित करें।

इसके अतिरिक्त, आपसे अनुरोध है कि स्व-गणना से संबंधित गतिविधियों के चित्र अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करें तथा उन्हें **#censusup #census2027 #seup** हैशटैग के साथ पोस्ट करें, जिससे व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित हो सके। इस कार्य के समन्वय हेतु जनगणना कार्य निदेशालय,उत्तर प्रदेश की ओर से श्री संदीप मालवीय, सहायक निदेशक (मोबाइल नंबर – 8178992377 ) नामित हैं।

आपका सहयोग जनगणना 2027 की सफलता हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है एवं शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

भवदीया,

Sheetal 6/5/26.


**(शीतल वर्मा, आईएएस)**
निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी, उत्तर प्रदेश

Dr. Chakrib

जनगणना भवन, प्लाट संख्या सीसी-1, सैक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश -226024
Janaganana Bhawan, Plot No CC-1, Sector-G, Aliganj, Lucknow-226024
दूरभाष/Phone : 0522-2331211/2322914/2322913/2332673, फैक्स/Fax : 0522-2322911
ई-मेल/E-mail: dco-utp.rgi@nic.in/ वेबसाइट /Website : http://censusup.gov.in

Scanned with OKEN Scanner

# स्व-गणना फ्लो चार्ट



## अनुभाग 1: पोर्टल में प्रवेश एवं प्रारंभिक पंजीकरण

**1 पोर्टल में प्रवेश एवं लॉग-इन**

https://se.census.gov.in पर जाएँ, अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का चयन करें और कैप्चा कोड दर्ज करें।

**2 परिवार पंजीकरण**

परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर ई-मेल आईडी (वैकल्पिक) दर्ज करें

⚠ परिवार के मुखिया का नाम बाद में बदला नहीं जा सकेगा।

⚠ प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है। एक बार पंजीकृत होने के बाद वही मोबाइल नंबर किसी अन्य परिवार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

## अनुभाग 2: सत्यापन एवं स्थान की पहचान


**3 भाषा चयन एवं ओटीपी सत्यापन**

अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करें तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी (OTP) दर्ज करें।

⚠ चयनित भाषा को बाद में बदला नहीं जा सकता।

**4 स्थान संबंधी विवरण प्रदान करें**

अपने जिले का चयन करें, पिन कोड दर्ज करें गांव/नगर/स्थानीय क्षेत्र (लोकैलिटी) की जानकारी भरें



**5 मानचित्र पर अपने निवास स्थान को चिन्हित करें**

मानचित्र पर लाल मार्कर को खींचकर (Drag करके) अपने आवासीय भवन के सटीक स्थान पर स्थापित करें तथा स्थान की पुष्टि करें।

## अनुभाग 3: डेटा दर्ज करें एवं अंतिम प्रस्तुतिकरण

**6 प्रश्नावली पूर्ण करें**

मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रश्नावली भरें। प्रश्नों को समझने में सहायता के लिए टूलटिप्स, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) तथा "आवश्यक सूचना" उपलब्ध हैं।

**7 पूर्वावलोकन एवं समीक्षा**

पूर्वावलोकन (Preview) स्क्रीन का उपयोग करके दर्ज की गई सभी जानकारी की जाँच करें। आप निम्न कार्य कर सकते हैं: डेटा दर्ज करना में संशोधन के लिए वापस जाएं, बाद में प्रस्तुत करने के लिए ड्राफ्ट के रूप में सेव करें, या पुष्टि करें और सबमिट करें

**8 अंतिम प्रस्तुतिकरण**

**"पुष्टि करें और सबमिट करें"** पर क्लिक करके अपने डेटा का अंतिम प्रस्तुतिकरण करें; अंतिम प्रस्तुतिकरण के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा।

**स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) का सृजन**

प्रपत्र के सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने पर 11 अंकों की एक विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) उत्पन्न होगी, जो "H" अक्षर से प्रारंभ होती है। यह SMS तथा ई-मेल (यदि प्रदान किया गया हो) के माध्यम से भेजी जाएगी।

## अनुभाग 4: क्षेत्रीय सत्यापन



**9 प्रगणक का दौरा**

जब जनगणना प्रगणक (Enumerator) आपके घर आएँ, तो उन्हें अपनी SE ID प्रदान करें।

**SE ID मिलान का परिणाम**

यदि SE ID मौजूदा रिकॉर्ड से मेल खाती है, तो आपकी जानकारी की पुष्टि कर उसे स्वीकार कर लिया जाएगा। यदि SE ID का मिलान नहीं होता है, तो प्रगणक द्वारा नई जानकारी एकत्रित की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner